# डी. एल. डी. ए. वी. मॉडल स्कूल

## कक्षा – दूसरी , विषय – हिंदी

## सत्र 2021– 2022

## अपठित गद्यांश

**गद्यांश पढ़कर सही विकल्प चुनो :-**

बुधवार को सोहन का जन्मदिन है । वह अपने इस जन्मदिन पर सात साल का हो जाएगा। वह दूसरी कक्षा में पढ़ता है। वह हर साल अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाता है । वह अपने जन्मदिन पर घर को गुब्बारों और फूलों से सजाता है । वह शाम को केक काटता है। सब उसे जन्मदिन की बधाई के साथ सुंदर – सुंदर उपहार देते हैं । वह उस दिन बहुत खुश होता है।

प्रश्न (1) सोहन का जन्मदिन कब है ?

(1) सोमवार (2) बुधवार (3) मंगलवार (4) शनिवार

प्रश्न (2) सोहन अपने इस जन्मदिन पर कितने साल का हो जाएगा ?

(1) सात (2) चार (3) आठ (4) दस

प्रश्न (3) सोहन कौन -सी कक्षा में पढ़ता है ?

(1) तीसरी (2) दूसरी (3) चौथी (4) पाँचवीं

प्रश्न (4) सोहन अपने जन्मदिन पर घर को किससे सजाता है ?

(1) कागज़ों से (2) मोतियों से (3) तिनकों से (4) गुब्बारों और फूलों से

प्रश्न (5) विपरीत शब्द :– रात

(1) सुबह (2) शाम (3) दिन (4) कल

LIVEWORKSHEETS